94. सुमेलित कीजिए-

सूची-1

(i) राजस्थान संगीत नाटक अकादमी

(ii) अरबी फारसी शोध संस्थान

(iii) रविन्द्र मंच

(iv) भारतीय लोककला मंडल

सूची-II

(i) टोंक

(ii) जयपुर

(iii) जोधपुर

(iv) उदयपुर

सही कूट का चयन कीजिए-

	(a)	(b)	(c)	(d)
(a)	iii	i	ii	iv
(b)	i	ii	iii	iv
(c)	ii	iii	i	iv
(d)	iv	iii	ii	i

Varisht Computer Anudeshak -19.06.2022

Ans. (a) : सही सुमेलन इस प्रकार हैं-

(i) राजस्थान संगीत नाटक अकादमी	- जोधपुर
(ii) अरबी फारसी शोध संस्थान	- टोंक
(iii) रविन्द्र मंच	- जयपुर
(iv) भारतीय लोक कला मंडल	- उदयपुर

95. पी.सत्यनारायण राव समिति के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सत्य नहीं है?

(a) इस समिति ने जयपुर को राजस्थान की राजधानी बनाने की सिफारिश की।

(b) इस समिति ने लोक सेवा आयोग का मुख्यालय अजमेर रखे जाने की सिफारिश की।

(c) इस समिति ने हाईकोर्ट जोधपुर रखे जाने की सिफारिश की।

(d) इस समिति ने कृषि विभाग का मुख्यालय उदयपुर रखे जाने की सिफारिश की।

Varisht Computer Anudeshak -19.06.2022

Ans. (d) : पी. सत्य नारायण राव समिति के सिफारिशों के अनुसार राजधानी-जयपुर, न्यायालय-जोधपुर, शिक्षा विभाग-बीकानेर, कृषि विभाग-भरतपुर, खनिज विभाग-उदयपुर, राज्य लोक सेवा आयोग-अजमेर में स्थापित किए जाने की सिफारिश की थी।

96. निम्नलिखित में से कौन सा स्मारक यूनेस्को द्वारा 2010 में विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया?

(a) जंतर-मंतर जयपुर (b) रणथम्भौर किला

(c) कुंभलगढ़ किला (d) केवलादेव नेशनल पार्क

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

Ans. (a) युनेस्को की विश्व विरासत सूची में राजस्थान के कुल 9 स्थल शामिल है। सवाई जयसिंह द्वितीय के द्वारा जयपुर में बनवाये गये जंतर-मंतर वेधशाला को वर्ष 2010 में वर्ल्ड हेरिटेज में शामिल किया। इसके अन्य विश्व विरासत स्थल हैं-

केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान	-	1985
जयपुर शहर	-	2019
चित्तौड़ का किला (चित्तौड़गढ़)	-	2013
कुम्भलगढ़ का किला	-	2013
रणथंम्भौर का किला (सवाई माधो सिंह)	-	2013
गागरोन का किला (झालावाड़)	-	2013
जैसलमेर का किला	-	2013
आमेर का किला (जयपुर)	-	2013

97. जैसलमेर जिले में पालीवाल ब्राह्मणों द्वारा शुरू की गई परम्परागत जल संरक्षण की विधि कहलाती है-

(a) टांका (b) बावड़ी

(c) खड़ीन (d) जोहड़

पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) – खड़ीन का प्रचलन 15वीं शताब्दी में जैसलमेर के पालीवाल ब्राह्मणों द्वारा किया गया था। यह जल संरक्षण परम्परागत तकनीकी ज्ञान पर आधारित होती थी। खड़ीन के निर्माण हेतु राजा जमीन देता था जिसके बदले में उपज का 1/4 हिस्सा राजा को देना पड़ता था।

98. राजस्थान में विशेष रूप से जैसलमेर क्षेत्र में बीएसएफ द्वारा 'ऑपरेशन सर्द हवा' चलाया गया था-

(a) 23 से 28 जनवरी, 2022

(b) 26 से 31 जनवरी, 2022

(c) 21 से 26 जनवरी, 2022

(d) इनमें से कोई नहीं

मोटर वाहन उप-निरीक्षक -2021 (Paper-I)

Ans. (a) – 23-28 जनवरी, 2022 के मध्य सीमा सुरक्षा बल द्वारा भारत-पाकिस्तान सीमा (विशेष रूप से राजस्थान के जैसलमेर क्षेत्र) पर 'आपरेशन सर्द हवा' चलाया गया था। गौरतलब है कि सर्दियों के दिनों में कोहरे और धुंध के कारण सीमा पार से घुसपैठ और किसी भी तरह की नापाक हरकत से निपटने हेतु सीमा सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर रहता है। इस अभियान का संचालन प्रत्येक वर्ष होता है और इस दौरान सीमा पर कड़ी निगरानी रखी जाती है।

99. यहाँ कुछ युद्धों की सूची दी गई है जो मध्यकालीन भारत में लड़े गए थे-

(i) देवराई (ii) धर्मत

(iii) सामूगढ़ (iv) समेल

(a) (i), (ii), (iii) and (iv) (b) (ii), (iii), (i), (iv)

(c) (iv), (ii), (iii), (i) (d) (i) (iii), (ii), (iv)

Librarian Exam Date-13.11.2016